सार-समाचार

15 अभ्यर्थियों ने 17 नामांकन दाखिल किए

चूरू, (कासं)। चूरू लोकसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को 15 अभ्यर्थियों ने कुल 17 नामांकन दाखिल किए। रिटर्निंग अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने बताया कि बुधवार को निर्दलीय उम्मीदवार बिसन सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राहुल कस्वां ने दो नामांकन, निर्दलीय उम्मीदवार दिनेश कुमार, भारत रक्षक पार्टी डेमोक्रेटिक से गोमती, निर्दलीय उम्मीदवार रमेश कुमार, बहुजन समाज पार्टी से देईराम, निर्दलीय उम्मीदवार असलम लिलगर, नेशनल जनमंडल पार्टी तथा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दौलतराम पेंसिया, निर्दलीय उम्मीदवार सुखदेव, निर्दलीय उम्मीदवार रणवीर सिंह, भीम ट्राइबल कांग्रेस से शिशपाल सिंह राणा, निर्दलीय उम्मीदवार निरंजन सिंह राठौड़, निर्दलीय उम्मीदवार युसुफ अली खां, निर्दलीय उम्मीदवार बंशीलाल एवं निर्दलीय उम्मीदवार रहीसा बानो ने नामांकन दाखिल किए। उन्होंने बताया कि गुरुवार 28 मार्च को प्रात: 11 बजे जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रट चूरू के न्यायालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा हेतु लिए जाएंगे। अभ्यर्थी या उनके प्रस्थापक या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रिटर्निंग अधिकारी जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट या सहायक रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को उनके कार्यालय में 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से पहले अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना परिदत्त की जा सकेगी।

चोरी की वारदात का खुलासा

चिड़ावा (निसं)। शहर की पुरानी तहसील रोड पर ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हुआ। सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि 29 दिसंबर 2023 को पुरानी तहसील रोड पर शुभम साड़ी सेंटर के सामने स्थित नेहा ज्वैलर्स के महेश सोनी ने रिपोर्ट दी कि 29 दिसंबर को सुबह दुकान के सामने रहने वाले राकेश बाछुका ने उनको फोन किया कि सुबह 5.21 बजे कुछ चोर उसकी दुकान का शटर तोड़ कर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर महेश तुरंत दुकान पर पहुंचा और देखा तो दुकान शटर आधा खुला हुआ था। दुकान का सामान भी अस्तव्यस्त था। दुकान में रखे सोने चांदी के जेवरात और रुपए संभाले तो बैग में रखे दो लाख रुपए नगद और पिता संतोष कुमार का आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि चोरी मिले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एक विशेष टीम का गठन किया गया। आसपास के सीसीटीवी चेक किए गए। इधर जयपुर के रेनवाल थाने में नकबजनी के मामले में पकड़े गए चोरों ने ये वारदात करना भी कबूल कर लिया। इन चोरों को प्रोटेक्शन वारंट पर श्योजीराम उर्फ पारिया निवासी सुनाडिया, दूदू व सीताराम बागरिया निवासी हिरनोदा, डिग्गी को सांभर लेक से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से फिलहाल चोरी का सामान बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। चोरों को शर्मिंदगी महसूस हो और चोरों में भय पैदा करने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएसपी विकास ढिंढवाल के निर्देश पर सीआई विनोद सामरिया की अगुवाई में चोरों को बाजार में पैदल घुमाया गया। सीआई विनोद सामरिया ने कहा कि अपराधियों में भय पैदा करने के लिए चोरों को जनता के बीच ले कर आए हैं।

हुड्डा की ढाणी में रेलवे कर्मचारी की मौत

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मंडावा थाना इलाके के नूआं ग्राम पंचायत की हुड्डा की ढाणी में कपड़े सुखाते समय रस्सी टूट कर गले में लिपटने के बाद लगी फांसी से रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। परिजन रेलवे कर्मचारी संजय कुमार को बीडीके अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना के बाद मंडावा पुलिस अस्पताल पर पहुंची और परिजनों से घटनाक्रम को लेकर जानकारी ली। मंडावा थाने के एएसआई सुभाष चंद्र ने बताया कि नूआं स्टेशन पर कार्यरत हुड्डा की ढाणी के रेलवे कर्मचारी कपड़े सुखाते दौरान रस्सी टूटने के बाद उनके गले से लिपट गई। रस्सी गले से लिपटने के कारण फांसी लग गई। जिससे रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा दिया है। मंडावा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवती ने आत्महत्या की

सुजानगढ़ (कासं)। शहर के एक निजी गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में काम करने वाली युवती ने अपने घर में बने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना नाथो तालाब रोड पर स्थित बुधवार सुबह मृतका के घर की है। मृतका राज लक्ष्मी के पिता राजकुमार भार्गव ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी पुत्री राजलक्ष्मी(23) जो कि पिछले पांच-सात दिनों से अवसाद में थी। बुधवार सुबह जब वह नहाने गयी थी तो बाहर नहीं निकली। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने बाहर निकालकर राजकीय बगडिया अस्पताल में लेकर गये । जहां पर चिकित्सकों ने उनकी पुत्री को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतका के पिता की रिपोर्ट पर मृग दर्ज करायी। जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस ने राजकीय बगडिया अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वंही शहर में इस घटना को लेकर पूरे दिन चर्चा रही। हालांकि आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मामले की जांच थानाधिकारी धर्मेन्द्र मीणा कर रहे है।

सड़क हादसे में एक घायल

चिड़ावा (निसं)। सूरजगढ़ तिराहे पर सड़क हादसा हो गया। मोटर साइकिल से क्रॉस करते समय ट्रोले ने बाइक चालक को कुचल दिया। पुलिस ने ट्रोला जब्त कर लिया। घायल को गंभीर हालत में झुंझुनूं रैफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धनुरी निवासी रमेश पुत्र बजरंगलाल (50) किसी काम से चिड़ावा की सूरजगढ़ मोड़ की तरफ आ रहा था। इसी दौरान सूरजगढ़ बाईपास पर तिराहे से चिड़ावा शहर की और आने के लिए क्रॉसिंग करते समय दूसरी तरफ से तेज गति से आ रहे ट्रोले ने बाइक सवार रमेश को चपेट में ले लिया। गंभीर हालत में युवक को चिड़ावा के उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर नरेंद्र तेतरवाल और सर्जन डॉक्टर मनोज जानू ने प्राथमिक उपचार दिया और युवक को झुंझुनूं रैफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। कस्बे में पांच बत्ती पर प्रतिवर्ष होने वाली गींदड़ प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में नगरपालिका चेयरमैन रामनिवास सैनी, भाजपा नेता पवन शाह, पार्षद शिवदयाल स्वामी, अमित अली कच्छावा, राहुल चेजारा बतौर अतिथि मौजूद रहे। गींदड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वनाथ दर्जी, द्वितीय स्थान पर हरजीराम धनखड़ समेत सैंकड़ों प्रतिभागियों को पारितोषिक ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सैकडों की संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

झुंझुनूं, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) झुंझुनूं की महिलाओं द्वारा बुधवार को जिले के 11 ब्लॉक स्तर पर महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक में कार्यरत 23 सीएलएफ की अगुवाई में 500 महिलाओं ने भाग लिया। वहीं राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान महिलाओं को मतदाताओं से संबंधित मोबाइल एप की जानकारी भी दी गई।

गौसेवा कर बिटिया का जन्मदिन मनाया

उदयपुरवाटी, (निसं)। कस्बे के वार्ड 9 निवासी शिक्षाविद् शंकरलाल दर्जी के बेटे रविप्रकाश रोहिला ने अपनी बिटिया पुनर्वि का जन्मदिन हिन्दू माता गौ सेवा उपचार केन्द्र गौरिया धनावता में गायों की सेवा करके मनाया। पुनर्वि के पिता रविप्रकाश ने भविष्य में भी इस तरह के पुनित कार्य करके विशेष दिवस मनाने का संकल्प लिया। इस दौरान शंकरलाल दर्जी, गायत्री देवी, रविप्रकाश रोहिला, पूनम, अंकित, वाशु, वैभव आदि मौजूद रहे।

टोपीदार बंदूक लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

सुजानगढ (कासं)। सदर थाना पुलिस ने टोपीदार बंदूक के साथ अधेड उम्र के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हैड कांस्टेबल गिरधारीलाल ने गश्त के दौरान बडाबर रोही में पुलिस को देखकर भाग रहे व्यक्ति को दबोचा तो उसके पास से टोपीदार बंदूक मिली। जिसका लाईसेंस का पूछने पर लाइसेंस नहीं पाया गया।

गिरधारीलाल ने बताया कि लाइसेंस नहीं मिलने पर नेछवा तहसील के झिलमिल गांव की ढाणी बावरी जोहडा निवासी सोहन(53) पुत्र हनुमान बनबावरी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सोहन टोपीदार बंदूक से पशु-पक्षियों का शिकार किया करता था। पुलिस गिरफ्तार आरोपी सोहन को कल न्यायालय में पेश करेगी। लोकसभा चुनावों में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि दो वर्ष पूर्व होली धोरा निवासी आसिफ खां पुत्र रूस्तम खां ने फेसबुक पर विवादित पोस्ट शेयर की थी। जिस मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आसिफ खां को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।

सदर पुलिस ने टोपीदार बंदूक के साथ युवक को गिरफ्त में लिया।

भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में नामांकन रैली निकाली

झुंझुनूं, (निसं)। बुधवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में नामांकन रैली का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करने के लिए पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, सांसद नरेंद्र कुमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, भाजपा के जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया समेत अन्य नेता पहुंचे।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शुभकरण चौधरी को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 400 को पूरा करने का आ ान किया। राजेंद्र राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झुंझुनूं का यह चुनाव यहां की प्यासी धरती को यमुना का पानी पिलाने का चुनाव है। देश की अस्मिता और देश के सम्मान को और ऊंचा उठाने का चुनाव है। यही कारण है कि आज नामांकन सभा में 36 कौम के लोग, हर वर्ग के लोग हजारों की संख्या में आए है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार के 100 दिन में किए गए अद्वितीय कार्य और मोदी जी का नेतृत्व ही चुनावी मुद्दा रहेगा। मोदी की गारंटी को ना केवल झुंझुनूं, बल्कि पूरे देश को विश्वास है। चूरू लोकसभा चुनावों को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कबड्डी में कोई काका नहीं होता। जो लोग कल तक पार्टी को अपनी मां कहते थे। वो दगा करके निकले है। वहां की जनता उन्हें सबक सिखा देगी।

हनुमान बेनीवाल के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि हनुमान बेनीवाल, अपनी पार्टी के सुप्रीमो है। वो कहीं भी जा सकते है। लेकिन पूरी जिंदगी कांग्रेस के विरोध की राजनीति करने वाले हनुमान बेनीवाल का कांग्रेस के साथ आना अजीबो गरीब है। अपनी भूमिका पर पूछे गए सवाल पर राजेंद्र राठौड ने कहा कि वे एक पराजित व्यक्ति है।

इसलिए उनका टिकट पर कोई अधिकार नहीं था। वे पार्टी के सिपाही है। वे दरी बिछाने से लेकर नारे लगाने तक, जो भी काम पार्टी देगी। वो भूमिका अदा करेंगे। मंच पर झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र के तमाम बड़े नेता, पदाधिकारी मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी ने किया नामांकन दाखिल:- नामांकन के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर तथा नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल समेत अन्य समर्थकों के साथ पहुंचे शुभकरण चौधरी ने रिटर्निंग अधिकारी जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को अपना नामांकन पत्र दिया।

इसके बाद शुभकरण चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज पांच जनों के साथ उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। कल से पूरे लोकसभा क्षेत्र के दौरे और तेज गति से शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने के लिए जनता उत्सुक है।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि जिले में यमुना का पानी पूरा मिले और जल्द मिले। इसके लिए वे संकल्पित है। वहीं बात चाहे हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की हो या फिर अधूरे पडे कामों की। सभी को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड को एक बार फिर पुराने रूप में चालू करवाया जाएगा। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके।

फागोत्सव में विदेशी पावणों ने जमकर ठुमके लगाए

मंडावा, (निसं)। सर्व हितैषी व्यामशाला के तत्वावधान में होली महोत्सव को लेकर फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगरपालिका चौक में हुआ। फागोत्सव में शेखावाटी की प्रसिद्ध ढप मंडली श्याम मित्र मंडल, जाल वाले बालाजी मंडली, शेखावाटी लोक कला मित्र मंडली, बाबा गिरधारीदास मित्र मंडली, आनंदपुरा अखाड़ा ढप मंडली सहित अन्य स्थानीय ढप मंडलियों के कलाकारों द्वारा फाल्गुनी गीतों, धमालों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमों को देखने के लिए काफी संख्या में प्रवासी बंधुओं, विदेशी पर्यटकों सहित महिलाओं पुरुषों ने शिरकत कर महोत्सव का जमकर लुफ्त उठाया। बड़ी संख्या विदेशी सैलानियों ने भारतीय संस्कृति रीति रिवाजों से रूबरू होते हुए लोकगीतों पर जमकर थिरके। वहीं लोकसभा चुनावों को लेकर मंडावा तहसीलदार सुभाषचंद्र, ईओ सीताराम कुमावत ने आगामी होने वाले चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शपथ दिलाई। महिलाओं युवाओं सामाजिक संगठनों,आमजन को अपने मत का उपयोग करने की अपील की गई। स्वीप गतिविधियों के तहत शत प्रतिशत मतदान में मतदाताओं को अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। स्वीप अभियान के तहत सभी उपस्थित लोगों कलाकारों ने संकल्प लेते हुए शत प्रतिशत मतदान की शपथ लेते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोगो को जागरूक किया।

अमराराम के समर्थन में उमड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का विश्वास दिलाया

पाटन (निसं)। नीमकाथाना में शहापुरा रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में सीकर लोकसभा प्रत्याशी कॉ. अमरा राम का माल्यार्पण व साफा पहनाकर विधायक सुरेश मोदी ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ता ने भी माल्यार्पण व साफा पहनाकर अमरा राम का स्वागत किया। लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला। सभी वक्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नितियों और लोकतंत्र को खतरे में बताते हुये भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल थोथी घोषणा करती है।

विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार 2024 का चुनाव जीत गए तो पता नहीं 2029 में चुनाव होगे या नहीं, वर्तमान में देश नाजुक मोड़ पर है, न रोजगार की बात की जा रही है, न देश में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर चर्चा है। देश में धर्म की राजनीति हावी हो रही है, देश में हालात गंभीर है, लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा सरकार केवल यमुना पानी को लाने पर जगह-जगह जाकर वाही वाही लुट रही हैं, वहीं भाजपा सरकार किसानों, युवाओं और दलितों पर 10 साल से जुल्म ढहा रही है, विपक्षी नेताओं को जेल भिजवाया जा रहा है।

लोकसभा प्रत्याक्षी कॉ. अमरा राम ने कहा कि भाजपा सरकार केवल झूठ बोलने के अलावा कोई काम नहीं कर रही है। यह सरकार ईडी और सी.बी.आई से डरा कर नेताओं को टार्चर कर भाजपा में शामिल करने में लगी हुई है और जो नेता भाजपा ज्वाइन नहीं करते तो उनको जेल में डालने का भय पैदा करते हैं। पूरी दुनिया भाजपा का तानाशाह राज देख रही है, किस तरीके से केंद्र की सरकार ने दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है।क्योकि दोनों मुख्यमंत्री भाजपा सरकार के सामने झुकने से मना कर दिया था। अमरा राम ने कहा अगर आप लोगों का आशीर्वाद रहा तो एमएसपी पर कानून बनाने, अग्निवीर स्कीम वापस लेने और सामाजिक न्याय के लिए लड़ता रहूंगा और तीनों वादे पूरे करवा कर ही दम लूंगा। मैंने हमेशा गरीब किसान, और जरूरतमंदों के लिए लडाई लडी है।

होली का पर्व मनाया

मंडावा, (निसं)। कस्बे सहित आस-पास के क्षेत्र में होली पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर चारों तरफ धूम का वातावरण रहा। श्रेष्ठ समय के अनुसार घरों में होलिका बड़कुले पिरो कर विधिवत पूजन किया गया। भद्रा पश्चात रात्रि को शुभ मुर्हूत के अनुसार कस्बे में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया।

Name Change

I have changed my name from Pramod to Pramod Sharma. In future, I should be known and recognized by the name of Pramod Sharma. Which is true and correct.

Deponent
Pramod Sharma Son Shri Balwan Sharma Age 27 Years Caste Brahmin Resident Mithi Post-Paharsar, District -Churu (Rajasthan)

आम सूचना

कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता नीमकाथाना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा संख्या 422/2004 वास्ते खनिज चेजा पत्थर क्षेत्र 1.00 हैक्टर निकट ग्राम पाटन तहसील पाटन जिला नीमकाथाना (राज.) ने स्व. रामसिंह पुत्र श्री गुदड़ सिंह के नाम से स्वीकृत/धारीत था स्व. श्री रामसिंह का निधन (मृत्यु) दिनांक 18/01/2024 को हो जाने से उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री रोहित तंवर द्वारा के आधार पर उक्त खनन पट्टा स्वयं के नाम से नामान्तरण करवाने वास्ते यह आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संबंध में एतराज या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करे।

कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला ने नामांकन दाखिल किया

- आठों विधानसभा से विधायक व प्रत्याशी मौजूद रहे

झुंझुनूं, (निसं)। पहले चरण के लोकसभा चुनावों के लिए बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन झुंझुनूं से कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला ने अपना नामांकन दाखिल किया। बृजेंद्र ओला स्वर्गीय शीशराम ओला के बेटे है। जिन्होंने झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र का लगातार पांच बार प्रतिनिधित्व किया।

वहीं बृजेंद्र ओला भी लगातार चौथी बार झुंझुनूं विधानसभा से विधायक है। गहलोत सरकार में वे दो बार मंत्री भी रह चुके है। कांग्रेस ने बुधवार को नामांकन के वक्त अपनी एकजुटता को भी दिखाया। लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों के विधायक और विधायक प्रत्याशी ओला के नामांकन के समय साथ दिखाई दिए। इनमें सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, फतेहपुर विधायक हाकम अली, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पिलानी विधायक पितराम काला तथा नवलगढ़ से पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा तथा खेतड़ी प्रधान व खेतड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनीषा गुर्जर शामिल थी। इनके अलावा पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा भी नामांकन के वक्त साथ नजर आए। इस मौके पर सभी कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे पूरी दम-खम के साथ कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला को जिताएंगे। इस मौके पर नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बृजेंद्र ओला ने कहा कि भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लेकिन जब राजस्थान का परिणाम आएगा। तो भाजपा को दिख जाएगा कि इस बार वे सत्ता से दूर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस बार बड़ा दिल रखते हुए इंडिया ब्लॉक को मजबूती दी है। यही कारण है कि राजस्थान में सीपीआई और आरएलपी से गठबंधन के तहत उन्हें सीटें दी गई है। ओला ने दावा किया झुंझुनूं समेत शेखावाटी की तीनों सीटों पर भाजपा की हार होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में भी शेखावाटी को कांग्रेस ने काफी अच्छे परिणाम दिए थे। जो लोकसभा चुनावों में भी जारी रहेंगे। इस मौके पर भाजपा सांसदों के झुंझुनूं के कार्यकाल पर हमला बोलते हुए ओला ने कहा कि पिछले 10 सालों में झुंझुनूं को केंद्र ने क्या दिया या फिर सांसद क्या दिलवा पाए। ऐसे कोई तीन काम भी नहीं बता सके। बात चाहे ब्रॉडगेज की हो या फिर सैनिक स्कूल की। स्व. शीशराम ओला के समय के स्वीकृत थे। हम कॉपर प्रोजेक्ट को फिर से चालू करवाएंगे और लोकसभा क्षेत्र के हर क्षेत्र में पीने और सिंचाई का पानी पहुंचाएंगे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा की सकारात्मक सोच के साथ किए गए सकारात्मक प्रयासों के परिणाम भी सकारात्मक आए है। एक बार फिर झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा सीटों के कांग्रेस नेता एक साथ नजर आए। बुधवार को मौका था झुंझुनूं लोकसभा के प्रत्याशी बृजेंद्र ओला के नामांकन का।

इस मौके पर लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के विधायक और विधायक प्रत्याशी के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता एक साथ आए और सभी की मौजूदगी में बृजेंद्र ओला ने नामांकन दाखिल किया। सुंडा ने बताया कि जिस तरह विधानसभा चुनावों में झुंझुनूं की सात में से पांच सीटों पर कांग्रेस ने विजय हासिल की थी। उसी तरह झुंझुनूं में इस बार बृजेंद्र ओला जीत हासिल करेंगे और कांग्रेस की झोली में फिर से झुंझुनूं की सीट आएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में भाजपा का ना केवल मुकाबला करेगी।

भाजपा के देवेन्द्र झाझड़िया और कांग्रेस के राहुल कस्वां के बीच कांटे का मुकाबला

चूरू, (कासं)। चूरू लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के देवेन्द्र झाझड़िया और कांग्रेस के राहुल कस्वां के बीच कांटे का मुकाबला है।

एक प्रकार से देखें तो यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ की साख दाव पर लगी हुई है। आज के दिन सट्टा बाजार ने भाजपा से टिकट कटने के बाद कांग्रेस का दामन थामने वाले राहुल कस्वां की जीत मान रखी है।

साथ ही यहां राजनीति के जानकारों का कहना है कि भाजपा के देवेन्द्र झाझड़िया अंतिम समय में पासा पलट देंगे। झाझड़िया एक खिलाड़ी हैं, उन्हें लक्ष्य हासिल करना आता है। सबसे बड़ी बात है कि लोग नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर से देश का प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। पहली बात तो यह है कि राहुल कस्वां को टिकट नहीं मिलने के बाद भी पार्टी के साथ रहकर साहसी होने का परिचय देना चाहिए था।

दूसरी बात अगर मैदान में उतराना ही था तो कांग्रेस का पल्ला क्यों पकड़ा, निर्दलीय ही पर्चा भरते। कांग्रेस की बजाए राहुल कस्वां निर्दलीय चुनाव लड़ते तो अधिक प्रभावशाली साबित होते। कांग्रेस आलाकमान ने भी आंखें बंद करके राहुल कस्वां को टिकट थमा दी, वर्षों से कांग्रेस पार्टी का झण्डा ऊंचा रखने की कोशिश कर रहे मूल कार्यकर्त्ताओं की पूरी तरह से अनदेखी कर दी गई।

कांग्रेस वाले कभी नहीं चाहेंगे कि उनकी पकी-पकाई फसल कोई और काटकर ले जाए। वे केवल दरी बिछाने, माला पहनाने, नारे लगाने या पोस्टर-बैनर लगाने और बड़े नेताओं की आवभगत ही करते रहें। ये सब भीतर का सच है।

देखने में सब अपने-अपने हित के अनुसार दोनों के साथ दिखाई दे रहे हैं। ससुर को कांग्रेस के मंच पर है तो बहु को भाजपा के मंच पर देखा सकता है। इसी प्रकार एक भाई कांग्रेस तो एक भाजपा उम्मीदवार के साथ दिखाई देता है। इन मामलों के कारण उम्मीदवारों के साथ-साथ मतदाता भी भर्मित हैं। कुल मिलाकर समय ही बताएगा कि जीत किसकी होती है। भीतरघाती तो दोनों तरफ ही हैं, इसमें कोई शक नहीं है।

कार्यालय
सिकन्दर खान एडवोकेट, न्यायालय परिसर, चूरू
मो. 9887129807

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राजकुमार पुत्र शंकरलाल जांगिड़ व मंजू देवी पत्नी राजकुमार जांगिड़ निवासीगण वार्ड नं. 15 नया वार्ड नं. 03 रतननगर तहसील व जिला चूरू का पुत्र नवीन कुमार जांगिड़ व पुत्रवधु संजू मेरे मुवक्किल के कहे में नहीं है तथा अपनी मनमानी करते है तथा आए दिन मेरे मुवक्किल से झगड़ा-फसाद करते है एवं उनकी सेवा चाकरी नहीं करते है। इसलिए मेरे मुवक्किलान ने खूब सोच-समझकर व विचार करके अपने उपरोक्त पुत्र नवीन कुमार जांगिड़ व पुत्रवधु संजू को अपनी तमाम चल-अचल सम्पतियों, जमीन, जायदाद इत्यादि से बेदखल कर दिया है। अब मेरे मुवक्किलान का अपने पुत्र नवीन कुमार जांगिड़ व पुत्रवधु संजू से कोई संबंध-सरोकार अथवा लेना-देना नहीं है। उनसे कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार करता है, तो उसकी जिम्मेवारी स्वयं संव्यवहारकर्ता की होगी।

दिनांक 27.03.2024

भवदीय
सिकन्दर खान, एडवोकेट

भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद ने चौमूं विधानसभा में जनसंपर्क किया

सीकर, (निसं)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद ने बुधवार को चौमूं विधानसभा के दौरे पर रहकर जनसंपर्क और ग्रामवासियों से संवाद किया।

उन्होंने बासा, जाटावाली, कानपुरा, हाड़ोता ग्राम पंचायतों के गांवों में जनसंपर्क किया और नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान स्वामी सुमेधानंद का विधानसभा के गांवों में ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान आयोजित सभाओं में स्वामी सुमेधानंद ने कहा कि उनके दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान सीकर लोकसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेज, सैनिक अकादमी, इंडोर स्टेडियम, स्टेशनों को स्मार्ट बनाने सहित कई विकास के कार्य किए हैं। कहा कि चौमूं विधानसभा में केंद्र सरकार की ओर कई विकास के कार्य किए हैं और भविष्य में भी होते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जनता ही उनका परिवार है। परिवार के सहयोग के बिना विकास कार्य संभव नहीं हो पाते हैं। ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं व पार्टी के दूपट्टों से स्वागत किया और हर संभव सहयोग का वादा किया। जनसंपर्क में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित स्थानीय नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, लोकसभा सहसंयोजक डॉ. बीएल रणवां, गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव, चौमूं विधानसभा संयोजक नाथू जाट सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद ने चौमूं विधानसभा के दौरे पर रहकर जनसंपर्क और ग्रामवासियों से संवाद किया।

25 प्रतिभागी पुरस्कृत

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षय निवारण केंद्र पर रविवार को विश्व क्षय दिवस मनाया गया। गत वर्ष टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में विभिन्न पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 प्रतिभागियां को प्रशस्ति पत्र भेंट कर पुरूस्कृत किया गया। डॉ. दिनेश कुमार ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की उपयोगिता व सफलता के बार में जानकारी दी।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांकः- न.पा.रा./भूमि विक्रय/2024/5201-3 दिनांक 27.03.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रणवीर पुत्र श्री मेघराज जाति मेघराज साकिन 1 आरडब्ल्यूएम तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने अपने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर अपने दस्तावेज डिक्री से प्राप्त व्यवसायिक भूखण्ड सैक्टर निकट बस स्टैंड भूखण्ड सं. 85 साईज 15X30 फुट यानि 450 वर्गफुट का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल लीजडीड श्री नत्थुराम पुत्र श्री रामुराम के नाम से जारीशुद्धा है। श्री नत्थुराम ने उक्त भूखण्ड जरि